# भाजपा का प्रत्याशी कमल का फूल है और जिताना कार्यकर्ताओं का काम : मेघवाल



बीकानेर के होटल वृदावन में भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय का दीप प्रज्जवलित कर कानून मंत्री व सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने उद्घाटन किया।

- ये बात बीकानेर लोकसभा चुनाव मुख्य चुनाव कार्यालय शुक्रवार को वृंदावन होटल में खोलने के दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री व बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने कही

**बीकानेर,**(कासं)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव कार्यालय खोले जा रहे हैं। बीकानेर लोकसभा चुनाव मुख्य चुनाव कार्यालय शुक्रवार को वृंदावन होटल में केन्द्रीय कानून मंत्री व बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल के साथ भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर विधि विधान से खोला गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आज बीकानेर लोकसभा का कमल कार्यालय का उद्घाटन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी कमल का फूल है और प्रत्येक कार्यालय कमल कार्यालय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह लोकसभा में भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 का टारगेट दिया है वो कोई सामान्य टारगेट नहीं है। कश्मीर में धारा 370 पर जिस प्रकार श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। मोदी सरकार ने धारा 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। आज ये नारा पूरे देश में गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार'। 2014 से पहले तुलना करें तो देश में खूब बदलाव हुए हैं।

आज आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। वो चाहे दूसरे देशों से सुरक्षा हो या आंतरिक सुरक्षा आतंकवाद और नक्सलवाद पर चोट हमारी सरकार ने की है।

जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। देश और विदेश के साथ विपक्ष के नेता भी बोल रहे है फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार। आप सभी कार्यकर्ताओं के भरोसे में अर्जुनराम मेघवाल के माध्यम से उच्च नेतृत्व को भरोसा दिलाता हूं कि अबकी बार बीकानेर लोकसभा चुनाव में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए हमारे प्रत्याशी को लोकसभा में चुनकर भेजेंगे। देहात अध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने कहा बीकानेर लोकसभा में कार्यकर्ताओं के दिल में एक ही नाम धड़कता है वो है अर्जुनराम मेघवाल। हम शीर्ष नेतृत्व से आग्रह करेंगे कि एक बार फिर कमल का निशान हमारे सांसद को दिया जाए और हम अबकी बार 5 लाख पार से जिताने का लक्ष्य लेकर चले हैं।

बीकानेर की सभी 8 विधानसभा से भारी बहुमत के साथ-साथ हम लक्ष्य को पार करेंगे। लोकसभा संयोजक सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा आज हमारे लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। इसके साथ हमारी 8 में से 6 विधानसभा में चुनाव कार्यालय खुल चुके हैं और जल्दी सभी 8 विधानसभा में चुनाव कार्यालय खुल जायेंगे और केन्द्र में मोदी सरकार की हैट्रिक के साथ बीकानेर में भी चौथी जीत का चौका लगेगा।

महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने राष्ट्रीय अधिवेशन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे समय उपस्थित रहे। एक कार्यकर्ता की तरह अपना कार्ड बनवाया और कार्यकर्ताओं के बीच सरल और सहज रूप से उपलब्ध रहे। इस तरह हमें भी लोकसभा चुनाव में एक कार्यकर्ता की तरह मेहनत करनी है और 400 पार का लक्ष्य पार करना है। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री मोहन सुराणा ने किया कार्यालय उद्घाटन समारोह में ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मुमताज अली भाटी, उप महापौर राजेन्द्र पंवार, शिवरतन अग्रवाल, भवानी शंकर आचार्य, नरेश नायक, हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, बाबूलाल गहलोत, गोकुल जोशी, दीपक पारीक, भगवान सिंह मेड़तिया, जितेन्द्र राजवी, मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, कौशल शर्मा, इंद्रा व्यास, महेश व्यास, भारती अरोड़ा, देवीलाल मेघवाल, अशोक प्रजापत, कुणाल कोचर, महावीर सिंह चारण, गोपाल गहलोत, भूपेन्द्र शर्मा, संपत पारीक, किशन गोदारा, नारायण चौपड़ा, नरसिंह सेवग, जेठमल नाहटा, अभय पारीक, विनोद करोल, कमल आचार्य, चंद्र प्रकाश गहलोत, कपिल शर्मा, अजय खत्री, पंकज अग्रवाल, राजश्री कछावा, सुमन जैन, सरिता नाहटा, कमल गहलोत के साथ पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता 6 से

**बीकानेर,**(कासं)। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 6 मार्च से शुरू होगी। प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में 8 से 13 जनवरी तक आयोजित खेल सप्ताह के विजेता खिलाड़ी इन जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

जिले के समस्त राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आउटडोर और इंडोर अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए आयुक्तालय ने डूंगर कॉलेज को नोडल महाविद्यालय नियुक्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो दिग्विजय सिंह शेखावत ने बताया कि डूंगर कॉलेज खेल परिसर में ये प्रतियोगिताएं 6 मार्च से शुरू होंगी तथा 7, 9,11 मार्च को सुबह 10 से सायं 5 तक आयोजित की जायेगी।

प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में 8 से 13 जनवरी तक आयोजित हुए खेल सप्ताह के विजेता खिलाड़ी इन जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए पात्र खिलाड़ी या संस्थान 5 मार्च तक अपना पंजीकरण महाविद्यालय समय में करवा सकते हैं। प्रतियोगिता कार्यक्रम के अनुसार 6 मार्च को छात्र-छात्राओं के वर्ग की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद और गोला फेंक प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन खेल प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जायेगा। 7 मार्च को केवल छात्रों के लिए खो-खो, रस्साकस्सी प्रतियोगिता होगी।

इसी दिन छात्राओं के लिए कैरम और शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। 9 मार्च को छात्र वर्ग के लिए कैरम प्रतियोगिता होगी तथा छात्राओं के लिए इसी दिन कबड्डी प्रतियोगिता होगी।

## सार-समाचार

### शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली



एम.एस. कॉलेज में आयोजित एन.एस.एस. शिविर में मतदाता जागरूकता शिविर में मतदान की शपथ दिलाई।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर व राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय स्वीप समिति के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य, स्वीप सह समन्वयक गोपाल जोशी और स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर प्रो. विपिन सैनी, डॉ. वाई. वी. माथुर, डॉ. सुरेन्द्र राठी रहे। प्राचार्या डॉ नंदिता सिंघवी सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्य डॉ. सिंघवी ने स्वागत उद्बोधन दिया। एनएसएस व मतदान कार्यक्रम की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. विनोद कुमारी ने एनएसएस की गतिविधियों का परिचय दिया। गोपाल जोशी ने युवा विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए वोटर हेल्पलाइन की जानकारी दी। उन्होंने केवाईसी तथा सक्षम ऐप की जानकारी दी। एसएलएमटी सुरेन्द्र राठी ने वोट के महत्व के बारे में बताया। मुख्य अतिथि आचार्य ने स्वीप की परिकल्पना और आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा आज बेटियां किसी से कम नहीं हैं। बेटियों को चहिए कि वे दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें। आचार्य ने एनएसएस को समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताया।

### जैव अपशिष्ट प्रबंधन के गुर बताए



वेटरनरी विद्यार्थियों को पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित प्रबंधन एवं निस्तारण का प्रशिक्षण दिया।

**बीकानेर,** (कासं)। पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट निस्तारण तकनीकी केन्द्र, राजुवास, बीकानेर द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति छात्र-छात्राओं को पशु जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित प्रबंधन और निस्तारण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश, सह-आचार्य, पैथोलॉजी विभाग, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज ने जैविक अपशिष्ट के निस्तारण को आज की महत्वपूर्ण अवश्यकता बताया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र की प्रमुख अन्वेषक डॉ. दीपिका धूड़िया ने कहा कि जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित निस्तारण एवं प्रबंधन के प्रति जागरूगता वर्तमान परिपेक्ष्य में अति आवश्यक हो गई है। विश्वविद्यालय, चिकित्सालयों में कार्यरत कर्मचारियों को एवं पशु चिकित्सा स्नातकोत्तर एवं पशु चिकित्सा वाचस्पति विद्यार्थियों को इसका प्रायोगिक ज्ञान होना बहुत आवश्यक है ताकि वे स्वयं को एवं समाज को संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचा सके तथा वातावरण को प्रदूषित होने से भी बचा सके। डॉ. मनोहर सेन एवं डॉ. देवेन्द्र चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को बायोमेडिकल अवशेष के उचित निस्तारण का प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

### जर्जर सड़कों को देख कलेक्टर बिफरे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर इलाके में जर्जर सड़कों और पानी निकासी में आ रही अड़चन की हकीकत जानने के लिए जिला कलेक्टर लोकबंधु ने शहर के चुनिंदा एरिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर अपने कार्यभार ग्रहण के दसवें दिन फील्ड में लोगों की परेशानी का समाधान करने के लिए नगर परिषद, यूआईटी और आरयूआईडीपी के अधिकारियों की टीम के साथ सूरतगढ़ बाईपास, सद्भावना नगर, गुरूनानक बस्ती स्थित एसटीपी और साधुवाली लिंक चैनल का निरीक्षण कर जलापूर्ति और बरसाती पानी निकासी व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शुगर मिल एसटीपी को जल्द शुरू करने और वाटर सप्लाई एंड सीवरेज प्रोजेक्ट कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए आरयूआईडीपी, पीएचईडी, नगर परिषद, नगर विकास न्यास सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जब सूरतगढ़ बाइपास से सद०भावनानगर होते हुए बसंती चौक एरिया तक पहुंचे तो वहां नगर परिषद आयुक्त ने सड़कों की हालत दिखाई। सड़कों पर कई जगह चैम्बर्स का लेवल ऊंचा मिला तो कई जगह नीचे, ऐसे में दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ था। यही हालत अन्य सड़कों की मिली। यहां सड़कें वाटर लाइन बिछाने के बाद धंसी हुई थी। आयुक्त का कहना था कि पूरे शहर के 65 वाडी में आरयूआईडीपी और ठेका कंपनी एलएंडटी की ओर से किए गए आधे अधूरे कार्यों की वजह से शहर के अधिकांश लोग नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। जगह- जगह गड्ढों से गली मोहल्लों में लोगों की पीडा ज्यादा है।

# धोलीपाल सरपंच का शव नहर में मिला, पेट पर चोट के निशान

- परिजन हत्या की आशंका भी जता रहे हैं
- प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का होने की बात सामने आई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। संदिग्ध परिस्थितियों में गुरूवार को घर से गायब हुए गांव धोलीपाल के सरपंच का शव शुक्रवार को गांव गुरूसर मोडिया के निकट एमओडी नहर से बरामद कर लिया गया।

सदर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्तपाल की मोर्चरी पहुंचाया। मृतक के पेट पर चोट के निशान मिले हैं। इसके आधार पर परिजन हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवा रही थी। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट तौर पर पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार गुरूवार देर शाम सदर थाना पुलिस को सूचना मिली कि धोलीपाल के सरपंच महावीर मूंड पुत्र काशीराम मूंड लापता हैं। वे पंजाब के गांव अचडकी स्थित अपने पेट्रोल पम्प से कार में सवार होकर गांव धोलीपाल के लिए निकले थे। मगर घर नहीं लौटे तथा मोबाइल फोन पर भी कोई जवाब नहीं मिल रहा है। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे।

इस बीच गुरूवार शाम सूचना मिली कि सरपंच की कार जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव चिश्तियां के नजदीक एमओडी नहर के किनारे खड़ी है। कार में चाबी लगी हुई थी। सरपंच का मोबाइल फोन भी कार में रखा हुआ था। सूचना मिलने पर जंक्शन पुलिस, सदर थाना पुलिस, परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सरपंच के नहर में गिरने की आशंका के कारण देर रात तक नहर के किनारों पर निगरानी रखकर सरपंच की तलाश की गई। गोताखोर बुलाए गए।

गोताखोरों ने करीब तीन किलोमीटर तक नहर खंगाली। इसके बाद अंधेरा अधिक होने के कारण सर्च अभियान बंद कर दिया। शुक्रवार सुबह सरपंच का शव गांव गुरूसर मोडिया के नजदीक एमओडी नहर से बरामद हो गया। वहां से शव को हनुमानगढ़ लाया गया। प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का होने की बात सामने आई। यद्यपि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## निराले बाबा का अभिनंदन

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रसंत, डॉ. आचार्य प्रवर दिव्यानंद सूरिश्वर महाराज (निराले बाबा) का मंगल आगमन गंगाशहर से विहार करके गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मंदिर गोगागेट में हुआ। जैन महात्मा सभा एवं श्री जैन श्वेतांबर निराला संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने मिलकर स्वागत अभिनंदन किया।

राष्ट्रसंत निराले बाबा ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्री गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मंदिर गोगागेट के विशाल परिसर में जैन महात्मा सभा संस्थान एवं श्री जैन श्वेतांबर निराला संघ के संयुक्त तत्वावधान से 3 मार्च से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ होगा। महायज्ञ में मुख्य यजमान बनने का पुण्य लाभ प्राप्त करने वाले झंवरी देवी, झंवर लाल मालू, आकांक्षा देवी, मनीष मालू, अर्हम, देवांश मालू परिवार ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस परिवार के सभी सदस्यों मिलकर हवन यज्ञ में आहुति दी। श्री जैन श्वेतांबर निराला संघ के अध्यक्ष विशाल नाहटा मौजूद थे।

# डिग्गी में मिला युवक-युवती का शव

- सुसाइड या हत्या जांच में जुटी पुलिस

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के बीछवाल थाना क्षेत्र के पेमासार गांव में एक खेत की डिग्गी में एक युवक और युवती के शव मिलने से हड़कम्प मच गया। दोनों के आत्महत्या के करने की आशंका जताई जा रही है।

ऐसा माना जा रहा है कि युवक और युवती दोनों प्रेमी थे। किसी विरोधाभास के बाद दोनों ने यह कदम उठाया है। हालांकि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा है कि यह जांच के बाद स्पष्ठ हो सकेगा कि मामला सुसाइड का है या हत्या का। ग्रामीणों के अनुसार जिस डिग्गी से शव बरामद हुआ है उसकी गहराई करीब 20 फीट है, जो किसी छोटे कुएं जैसा माना जा सकता है। बताया जा रहा है कि गिरने के बाद व्यक्ति खुद ही बाहर नहीं निकल पाता। क्योंकि इसके आसपास फिसलन होती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोशिशों के बावजूद युवक-युवती इससे बाहर नहीं निकल सके। हालांकि हादसा कैसे हुआ है यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि वह सभी दृष्टिकोण से मामले की जांच कर रहे हैं।

पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर माना है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। हालांकि अभी इसकी पुष्टि करने से इनकार किया है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। उनकी स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों से बात हुई है। जिसमें ऐसी बातें सामने आई कि युवक और युवती दोनों एक दूसरे से परिचित थे। हालांकि परिवार वालों का कहना है कि उन्होंने कभी एक-दूसरे को साथ नहीं देखा। मौके से बरामद मोबाइल फोन पुलिस के कब्जे में है। पुलिस ने मौके से कोई सुसाइड नोट मिलने से इनकार किया है।

# पोटाश खनन के लिए ब्लॉक नीलामी शुरु

- बीकानेर जिले के लखासर ब्लॉक और हनुमानगढ़ जिले के भैरूसरी ब्लॉक में पोटाश के विपुल भंडार हैं
- देश में पहली बार पोटाश खनन की शुरूआत

**बीकानेर,**(कासं)। क्रिटिकल मिनरल श्रेणी में शामिल पोटाश के खनन के लिए केन्द्र सरकार ने ब्लॉक नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

केन्द्रीय खान मंत्रालय ने गुरुवार को देश में पोटाश सहित 10 खनिजों के 18 ब्लॉकों में खनन की अनुमति जारी की है। इसमें 17 खनिज ब्लॉक को समग्र लाइसेंस और एक खनिज ब्लॉक को खनन पट्टे के लिए रखा है। इसी के साथ देश में पहली बार पोटाश खनन की शुरूआत राजस्थान से करने का रास्ता खुल गया है। राजस्थान प्रदेश में पोटाश के दो ब्लॉक बीकानेर और हनुमानगढ़ जिले में हैं।

पांच साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीकानेर जिले के लखासर ब्लॉक और हनुमानगढ़ जिले के भैरूसरी ब्लॉक में पोटाश के विपुल भंडार होने का पता चला था। करीब 500 से 600 मीटर की गहराई में बीकानेर संभाग में 2400 मिलियन टन के पोटाश भंडार होने का अनुमान लगाया गया था।

## मां करणी का जागरण 6 को

**बीकानेर,** (कासं)। श्री करणी मंदिर, निजी प्रन्यास साठिका के उपाध्यक्ष सुमेरदन बीठू एडवोकेट ने बताया कि शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर श्री करणी माता के ससुराल धाम ठाम साठिका में 6मार्च को विशाल ाजागरण आयोजित किया जायेगा। प्रख्यात गायक कलाकार गजेन्द्र राव एण्ड पार्टी, जोधपुर, दलीप एवं ललिता एण्ड पार्टी जूनियर चम्पामेथी आगोलाई, जोधपुर राजदीप चारण एण्ड पार्टी, छातोल राजसंद , भवई नृत्य एवं झांकिया पार्टी जोधपुर अदि कलाकार मांग के दरबार में अपने भजनों एवं पारम्परिक चिरजाओं की प्रस्तुती देगे। इस हेतु यहां अम्बेडकर कॉलोनी गली नं. 6 सरदार जी की चक्की के पास एवं विद्या निकेतन स्कूल चौराहा गंगाशहर से दोपहर 2.00बजे निशुल्क बस सेवा की भी व्यवस्था की गई है।

# एंटी रोमियो स्क्वॉयड तैनात, मनचलों पर रखेगी नजर

- सरकार ने स्टाफ एवं संसाधन के लिए वित्तीय मंजूरी दी, एक मार्च से यह यूनिट काम करने लगेगी

**बीकानेर,** (कासं)। बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी एंटी रोमियो स्क्वॉयड की 56 यूनिट तैनात की गई है। यह स्क्वॉयड मनचलों पर कार्रवाई करेगी।

सरकार ने स्टाफ एवं संसाधन के लिए वित्तीय मंजूरी भी दे दी है। एक मार्च से यह यूनिट काम करने लगेगी। प्रत्येक यूनिट में एक उपनिरीक्षक और चार सिपाही शामिल हैं। चार सिपाहियों में दो महिला सिपाही भी हैं। इन्हें एक चौपहिया वाहन, बॉडी वार्न कैमरा व वायरलैस सेट उपलब्ध कराया जायेगा। यूनिट दो पारियों में काम करेगी। इसके लिए 112 उप निरीक्षक, सिपाही 336 एवं सिपाही चालक 112 के पद स्वीकृत किए गए हैं। उक्त स्टाफ के लिए 30 करोड़, 40 लाख 63 हजार 872 रूपए का वार्षिक बजट प्रस्तावित किया गया है। संसाधनों के लिए 8 करोड़ 31 लाख 60 हजार रूपए का बजट है।

स्क्वॉयड के लिए 56 बोलरो गाड़ी, 56 लैपटॉप, 56 वायरलैस हैंडसैट, पब्लिक एड्रेस सिस्टम खरीद किए जायेंगे। इसके लिए आठ करोड़ 31 लाख 60 हजार का बजट प्रस्तावित किया है।

सभी स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, मॉल और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर प्रत्येक थाने की महिला सुरक्षा टीम निगरानी रखेगी। लड़कियों को परेशान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। संवेदनशील स्थानों, चैन स्नेचिंग एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व लूटपाट होने वाली जगहों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। आईजी बीकानेर रेंज ओमप्रकाश ने बताया कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वॉयड का 4 जिलों में गठन कर दिया गया है।

# मोमासर सी.एच.सी. में 30 बैड अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास



मोमासर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नए भवन का शिलान्यास विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया।

- इस अस्पताल भवन पर सरकार ने 4 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की

**बीकानेर,** (कासं)। मोमासर ग्राम पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 बैड अस्पताल के नये भवन निर्माण का शुक्रवार को शिलान्यास श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया।

इस अवसर पर विधायक सारस्वत ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता से दूर दराज के क्षेत्रों तक चिकित्सा, शिक्षा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल पर सरकार ने 4 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। भवन निर्माण के बाद यहां अत्याधुनिक तकनीक आधारित चिकित्सकीय उपकरण लगवाए जायेंगे। भवन निर्माण का कार्य नवम्बर माह तक पूर्ण हो जायेगा। इसके बाद यहां के लोगों को इलाज़ के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। सारस्वत ने कृषि कुओं का जल स्तर नीचे जाने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसके लिए किसान वर्षा जल संग्रहण पर भी ध्यान दें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा तहसील के लिए 750 करोड़ रूपए का बजट से स्वीकृत किया गया है। यहां के 96 गांवों तक नहरी पानी लाकर पेयजल समस्या को दूर किया जायेगा। यह इस कार्य शीघ्र प्रारम्भ होगा। उन्होंने राज्य राजमार्ग 6 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 11 के चौड़ाईकरण के प्रस्ताव की भी जानकारी दी। इससे पूर्व सारस्वत ने मोमासर में हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वेटरनरी वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के हजारों पशुपालकों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सरपंच सरिता संचेती, उप सरपंच जुगराज, सामाजिक कार्यकर्ता, विधाधर शर्मा सहित ग्रामीणों ने माल्यार्पण व शाल साफा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। शर्मा ने अस्पताल में रिक्त पदों को भरने व विशेषज्ञ डॉक्टर लगाने की मांग की।

# व्यास ने बंगला नगर क्षेत्र में चार वार्डों में की जनसुनवाई



विधायक जेठानंद व्यास ने बंगला नगर क्षेत्र में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी।

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने शुक्रवार को बंगलानगर क्षेत्र के चार वार्डों में जनसुनवाई की।

इस दौरान जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेवगा बगीची का औचक निरीक्षण भी किया और समस्याओं के निराकरण के लिए शिक्षा निदेशक से दूरभाष पर चर्चा की।

विधायक व्यास ने वार्ड 1, 19, 20 और 21 के पूगल रोड, पुराने शिव मंदिर के पीछे, नाईयों के मोहल्ले और सब्जी मंडी के पीछे सहित कुल विभिन्न स्थानों पर जनसुनवाई की। इस दौरान नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारहठ, सार्वजनिक जनसुनवाई के दौरान आमजन में पानी, बिजली, सड़क, अतिक्रमण हटाने, स्कूल और चिकित्सा केन्द्र में स्टाफ नियुक्त करवाने, मुक्ता प्रसाद नगर थाने द्वारा त्वरित कार्यवाही करने, सफाई तथा नाली निर्माण से जुड़ी समस्याएं रखी।

विधायक ने बंगला नगर क्षेत्र के सभी नालों का सर्वे करते हुए इनकी सफाई का कार्य अतिशीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। साथ ही नाला निमाण का एक स्वीकृत कार्य जल्दी प्रारम्भ करने के लिए कहा। विधायक के समक्ष स्थानीय लोगों ने राज. उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेवगा बगीची में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने तथा मूलभूत सुविधाओं की कमी होने की बात कही।